Fourteenth Loksabha

Session : 6
Date : 01-12-2005

Participants : Singh Kunwar Rewati Raman

>

Title : Need to take precautionary measures to check spread of Bird Flu in the country.

श्री रेवती रमन सिंह (इलाहाबाद) : उपाध्यक्ष महोदय, बर्ड फ्लू इन दिनों समाचारों की सुर्खियों में है। संसार के कई देश इससे प्रभावित हैं। साइबेरिया तथा संसार के अन्य देशों से पक्षी जलवायु तथा अनुकूल वातावरण की दृटि से हमारे यहां आकर प्रवास करते हैं। हाल के समाचारों से लगता है कि बीमारियों के वायरस को एक स्थान से दूसरे स्थान यह पक्षी ले जा सकते हैं जिससे निरन्तर बीमारियों के फैलने का खतरा बना रहता है। अन्य देशों की कई सरकारों ने इसे रोकने के लिए कदम उठाए हैं। कुछ समाचारों में छपी खबरों के अनुसार सरकार ने इस बीमारी के देश में होने की संभावना से इंकार किया है। फिर भी मैं चाहूंगा कि सरकार इस स्थिति का आकलन निरन्तर करती रहे ताकि देश को ऐसी किसी नई बीमारी अथवा फ्लू से बचाया़ जा सके और यह प्रवासी पक्षी बिना किसी रोक-टोक के देश के रमणीय स्थानों का भ्रमण भी कर सके।

MR. DEPUTY-SPEAKER:

Shri Anirudh Prasad Alias Sadhu Yadav – Not present.

Dr. Dhirendra Agarwal – Not present.